
## पीएम नरेंद्र मोदी जनता को समर्पित करेंगे 296 किमी लंबा एक्सप्रेस वे

# सुविधा: बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आज से भरें फर्राटा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी की जनता को शनिवार को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के रूप में बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। वह जालौन में 296 किमी के इस नवनिर्मित एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे और इसके साथ ही जनता के लिए यह एक्सप्रेसवे खुल जाएगा। इस तरह चित्रकूट से दिल्ली तक का सफर छह घंटे में पूरा हो सकेगा। दिलचस्प यह कि यूपीडा ने यह एक्सप्रेसवे 36 महीने के बजाए 24 महीने में बनाकर एक नया कीर्तिमान बनाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका लोकार्पण जालौन के कैथरी गांव में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में करेंगे। प्रधानमंत्री ने 29 फरवरी 2020 को इसका शिलान्यास किया था, तब इसे तीन साल में पूरा करने का निर्णय लिया गया और इसे 14 जनवरी 2023 को पूरा करना था लेकिन कोरोना काल व भारी वर्षा के बावजूद इसे समय से पहले पूरा करा लिया गया। साथ ही कम लागत में इसे बनाने वाली कंपनियों का चयन हुआ, जिससे इसकी लागत 12.72 प्रतिशत कम हो गई। इस तरह यूपीडा के 1132 करोड़ रुपये बच गए। यूपी में अब एक्सप्रेस वे का जाल बिछ गया है।

› लगेंगे सात लाख पौधे P11




**1974** किमी कुल निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे

**1225** किमी कुल संचालित एक्सप्रेसवे

16 जुलाई बुंदेलखंड क्षेत्र की मेरी बहनों और भाइयों के लिए एक विशेष दिन है। जालौन जिले में एक कार्यक्रम में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया जाएगा। यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगी।

–**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री द्वारा शनिवार को जालौन में बुंदेलखंड वासियों की आकांक्षाओं को नई ऊंचाई प्रदान करता बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे राष्ट्र को समर्पित होगा। समग्र विकास के नए आयाम स्थापित करता यह एक्सप्रेसवे नए यूपी के नए बुंदेलखंड का प्रगति द्वार है।

–**योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री, यूपी

### खास बातें

■ एक्सप्रेसवे पर प्रवेश और निकासी के लिए 13 स्थानों पर इंटरचेंज सुविधा दी गई है। ■ एक्सप्रेसवे पर चार रेलवे ओवर ब्रिज, 14 दीर्घ सेतु, छह टोल प्लाजा, सात रैम्प प्लाजा, 293 लघु सेतु, 19 फ्लाई ओवर और 224 अण्डरपास का निर्माण किया गया है।

**36** महीने के बजाए 24 माह में तैयार

**29** फरवरी 2020 को शिलान्यास

### यूपी में एक्सप्रेस-वे

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे- 341 किमी. लंबा
- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे- 302 किमी. लंबा
- यमुना एक्सप्रेसवे-165 किमी. लंबा
- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे- 96 किमी. लंबा
- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे- 25 किमी.

### निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे

- लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे- 63 किमी.
- गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे- 91 किमी.
- गाजीपुर-बलिया-मांझीघाट एक्सप्रेसवे- 117 किमी.
- दिल्ली-सहारनपुर-देहरादून एक्सप्रेसवे- 210 किमी.
- गाजियाबाद-कानपुर एक्सप्रेसवे- 380 किमी.
- गोरखपुर-सिलिगुड़ी एक्सप्रेसवे- 519 किमी.
- गंगा एक्सप्रेस वे-594 किमी